**झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखण्ड)**

**द्वितीय सावधिक परीक्षा (2021-2022)**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र** **सेट- 01**

| कक्षा- 12 | विषय- हिंदी (ऐच्छिक) | समय- 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक- 40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश-:**

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें ।**
- **इस प्रश्न-पत्र के खंड हैं । सभी खंड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।**
- **प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें ।**

**खंड - 'क'**

**(अपठित बोध)**

01. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 02+02+02= 06

वृद्धावस्था का सच्चा आनंद है, आत्म संतोष। जिन्हें भविष्य की चिंता है वे वृद्ध नहीं हैं, वे तरुण ही हैं, क्योंकि उन्हें कर्म की चिंता है। जो कर्मशील होते हैं उन्हें सदा आत्म संतोष मिलता है। उदाहरण के लिए जो देश के भविष्य निर्माण के लिए चिंतित होते हैं उन्हें अपना कार्य समाप्त करके ही आत्म सुख मिलता है। जवाहरलाल नेहरू और गाँधी जी तरुण भारत के तरुण नेता थे। उनमें अदम्य साहस, स्फूर्ति एवं उत्साह था। वृद्धावस्था उनके शरीर को जीर्ण कर सकती थी- मन को नहीं, पर जो लोग एकमात्र शरीर-सुख को ही अपना लक्ष्य मानते हैं उनके जीवन में शारीरिक शक्ति की क्षीणता के साथ-साथ वृद्धावस्था आ जाती है। इस प्रकार के लोग वृद्धावस्था से असंतुष्ट होकर आत्मसंतोष से भी हाथ धो बैठते हैं।

(क) वृद्धावस्था किन्हें अपना शिकार नहीं बना सकती है ?

(ख) कैसे लोग आत्म संतोष से हाथ धो बैठते हैं ?

(ग) गद्यांश में किन्हें 'तरुण 'कहा गया है ?

**अथवा**

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

दिवसावसान का समय

JAC UPDATE

मेघमय आसमान से उतर रही है
वह संध्या-सुंदरी, परी-सी,
धीरे, धीरे, धीरे
तिमिरांचल में चंचलता का नहीं कहीं आभास,
मधुर-मधुर हैं दोनों उसके अधर
किंतु जरा गंभीर, नहीं है उनमें हास-विलास।

(क) पद्यांश में किस समय का वर्णन है ?
(ख) यहाँ आसमान से किसके उतरने की बात कही गई है ?
(ग) 'तिमिरांचल में चंचलता का नहीं कहीं आभास' का आशय क्या है ?

**खंड - 'ख'**
**(अभिव्यक्ति और माध्यम तथा रचनात्मक लेखन)**

02. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 05+05=10

(क) '**अनुशासन**' अथवा '**महिला सशक्तिकरण**' पर एक निबंध लिखिए।
(ख) अर्थशास्त्र विषय की पढ़ाई न हो पाने से उत्पन्न कठिनाई को बतलाते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को समाधान हेतु पत्र लिखें।
(ग) दैनिक समाचार पत्र के संपादक को बढ़ते प्रदूषण एवं अनियंत्रित पेड़-पौधों की कटाई के बारे में पत्र लिखते हुए समाधान का अनुरोध करें।
(घ) समाचार लेखन से आप क्या समझते हैं? इसकी कौन-कौन-सी विशेषताएँ हैं?

**खंड - 'ग' (पाठ्यपुस्तक)**

03. निम्नलिखित में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 05

(क) मैं जानऊँ निज नाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ।।
मो पर कृपा सनेहु विसेखी। खेलत खुनिस न कबहूँ देखी।।

(ख) पिय सौ कहेहु सँदेसरा, ये भँवरा ये काग।
सो धनि विरहें जरि गई, तेहिक धुआँ हम लाग।।

04. निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दें- 03+03=06

(क) माघ महीने में विरहिणी को क्या अनुभूति होती है?

(ख) राम के वन-गमन के बाद उनकी वस्तुओं को देखकर माँ कौशल्या कैसा अनुभव करती है? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(ग) कवि ने 'चाहत चलन ये सँदेशों ले सुजान को' क्यों कहा है?

05. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें- 03+03= 06

(क) लोमड़ी स्वेच्छा से शेर के मुँह में क्यों चली जा रही थी?

(ख) अमझर से आप क्या समझते हैं? अमझर गाँव में सूनापन क्यों है?

(ग) उस छोटी-सी मुलाकात ने संभव के मन में क्या हलचल उत्पन्न कर दी, इसका सूक्ष्म विवेचन कीजिए।

06. निर्मल वर्मा की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखें? 02

**अथवा**

असगर वजाहत का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

07. कोइयाँ किसे कहते हैं? उसकी विशेषताएँ बताएँ। 03

**अथवा**

'अपना मालवा खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' शीर्षक का आशय स्पष्ट कीजिए।

08. विसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया? 02

**अथवा**

अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरा करता था। उसके क्या कारण हैं?

JAC UPDATE